collegebatch.com

**Series E1GFH/3** **Set No. 2**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/3/2**

अनुक्रमांक / Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)
# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 70*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21 + 2** मानचित्र हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **21** printed pages + **2** Maps. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

collegebatch.com

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

## खण्ड क

*इस खण्ड में **17** बहुविकल्पीय प्रश्न (प्र. सं. 1 – 17) हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।* *17×1=17*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग अन्य उद्योगों के लिए कच्चा माल पैदा करते हैं ?

(a) छोटे पैमाने के उद्योग
(b) आधारभूत उद्योग
(c) घरेलू उद्योग
(d) संयुक्त क्षेत्र के उद्योग

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक छोटे पैमाने के उद्योगों की विशेषता ***नहीं*** है ?

(a) इसमें साधारण शक्ति चालित यंत्रों का प्रयोग किया जाता है ।
(b) ये अर्ध-कुशल श्रमिकों पर निर्भर रहते हैं ।
(c) इनमें स्थानीय कच्चा माल उपयोग होता है ।
(d) इनके उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ारों में बेचा जाता है ।

**3.** कुटीर उद्योग के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता सही है ?

(a) यह निर्माण की एक बड़ी इकाई है ।
(b) बाहर के बाज़ारों से कच्चा माल आयात किया जाता है ।
(c) इनके द्वारा निर्मित वस्तुओं का व्यापारिक महत्त्व कम होता है ।
(d) तैयार माल को खुले बाज़ार में बेचा जाता है ।

collegebatch.com

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

(i) *This questions paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

(ii) *This question paper is divided into* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****.*

(iii) ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are multiple choice (MCQ) type questions.*

(iv) ***Section B*** *– Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are source based questions.*

(v) ***Section C*** *– Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer (SA) type questions. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

(vi) ***Section D*** *– Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer (LA) type questions. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

(vii) ***Section E*** *– Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are Map based questions.*

## SECTION A

*There are* ***17*** *multiple choice questions in this section (Q. No. 1 – 17).* ***All*** *questions are* ***compulsory****.* *17×1=17*

**1.** Which of the following industries produce raw material for other industries ?

(a) Small scale industries (b) Basic or key industries

(c) Household industries (d) Joint sector industries

**2.** Which of the following is ***not*** the feature of small scale industries ?

(a) They use simple power driven machines.

(b) They rely on semi-skilled labour.

(c) They obtain raw materials locally.

(d) Their products are sold in international markets.

**3.** Which one of the following features is correct about cottage industries ?

(a) It is a large manufacturing unit.

(b) Raw material is imported from outside markets.

(c) Goods produced by them have low commercial significance.

(d) Finished products are sold in the open market.

collegebatch.com

**4.** परिवहन क्रियाकलाप निम्नलिखित में से किस एक क्षेत्रक के अन्तर्गत आते हैं ?

(a) प्राथमिक (b) द्वितीयक

(c) तृतीयक (d) चतुर्थक

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा तृतीयक क्रियाकलाप है ?

(a) भोजन संग्रह (b) आखेट

(c) चलवासी पशुचारण (d) व्यापार

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा चतुर्थक क्रियाकलाप है ?

(a) मछली पकड़ना (b) लोहा-प्रगलन

(c) सॉफ्टवेयर विकसित करना (d) टोकरी बनाना

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा भू-प्रदूषण का कारण ***नहीं*** है ?

(a) अनुपचारित औद्योगिक अपशिष्ट का निपटान

(b) पीड़कनाशी और रासायनिक उर्वरकों का उपयोग

(c) अनुचित मानव क्रियाकलाप

(d) जैविक कृषि

**8.** निम्नलिखित नदियों में से कौन-सी सर्वाधिक प्रदूषित है ?

(a) कोसी (b) रावी

(c) नर्मदा (d) यमुना

**9.** भारत का विदेश व्यापार, निम्नलिखित मार्गों में से मुख्यत: किसके माध्यम से किया जाता है ?

(a) स्थल और वायु मार्गों से (b) स्थल और समुद्री मार्गों से

(c) वायु और समुद्री मार्गों से (d) केवल समुद्री मार्ग से

**10.** कोलकाता पत्तन की सार्थकता कम क्यों हो गई है ?

(a) इसकी विशाल पृष्ठभूमि है

(b) हुगली नदी में गाद का जमना

(c) अन्य पत्तनों की ओर निर्यात का दिक्परिवर्तन

(d) यात्री वहन बहुत कम

collegebatch.com

**4.** Transport activities come under which one of the following sectors ?

(a) Primary (b) Secondary

(c) Tertiary (d) Quarternary

**5.** Which of the following is a tertiary activity ?

(a) Gathering (b) Hunting

(c) Nomadic herding (d) Trading

**6.** Which of the following is a quarternary activity ?

(a) Catching fish (b) Iron smelting

(c) Software developing (d) Basket making

**7.** Which of the following is ***not*** the cause of land pollution ?

(a) Disposal of untreated industrial waste

(b) Use of pesticides and chemical fertilizers

(c) Improper human activities

(d) Organic farming

**8.** Which one of the following rivers is highly polluted ?

(a) Kosi (b) Ravi

(c) Narmada (d) Yamuna

**9.** India's foreign trade is largely carried out by which of the following routes ?

(a) Land and air routes (b) Land and sea routes

(c) Air and sea routes (d) Only sea routes

**10.** Why has Kolkata port minimised its significance ?

(a) It has a vast hinterland

(b) Accumulation of silt in Hugli river

(c) Diversion of exports to other ports

(d) Passenger traffic is very low

collegebatch.com

**11.** महानदी के डेल्टा पर निम्नलिखित में से कौन-सा समुद्री पत्तन स्थित है ?

(a) हल्दिया (b) इन्नोर

(c) पारादीप (d) विशाखापट्नम

**12.** निम्नलिखित में से पूर्व-पश्चिम गलियारे का सबसे पश्चिम का स्टेशन कौन-सा है ?

(a) कोलकाता (b) गुवाहाटी

(c) पोरबंदर (d) मुंबई

**13.** भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता सही ***नहीं*** है ?

(a) यह भूतल परिवहन मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी निकाय है ।

(b) इसे राष्ट्रीय महामार्गों को बनाने और रख-रखाव का दायित्व सौंपा गया है ।

(c) यह गाँवों को जोड़ने वाली सड़कों का भी निर्माण करता है ।

(d) एन.एच.ए.आई. का प्रचालन 1995 में हुआ था ।

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रमुख प्रदूषित करने वाला उद्योग है ?

(a) भोजन प्रसंस्करण उद्योग (b) कुटीर उद्योग

(c) रसायन उद्योग (d) स्वच्छंद उद्योग

*निम्नलिखित केस अध्ययन को पढ़िए और प्रश्न संख्या **15** से **17** के उत्तर लिखिए ।*

*केस अध्ययन : इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र*

इंदिरा गाँधी नहर, जिसे पहले राजस्थान नहर के नाम से जाना जाता था, भारत में सबसे बड़े नहर तंत्रों में से एक है । 1948 में कँवर सेन द्वारा संकल्पित यह नहर परियोजना 31 मार्च, 1958 को प्रारंभ हुई । यह नहर पंजाब में हरिके बाँध से निकलती है और राजस्थान के थार मरुस्थल (मरुस्थली) पाकिस्तान सीमा के समानांतर 40 किमी की औसत दूरी पर बहती है । इस नहर तंत्र की कुल नियोजित लंबाई 9,060 किमी है और यह 19·63 लाख हेक्टेयर कृषि-योग्य कमान क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा प्रदान करेगी । कुल कमान क्षेत्र में से 70 प्रतिशत क्षेत्र प्रवाह नहर तंत्रों और शेष क्षेत्र लिफ्ट तंत्र द्वारा किया जाएगा । नहर का निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया गया है । चरण-I का कमान क्षेत्र गंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर ज़िले के उत्तरी भाग में पड़ता है । इस चरण के कमान क्षेत्र का भूतल थोड़ा ऊबड़-खाबड़ है और इसका कृषि-योग्य कमान क्षेत्र 5·53 लाख हेक्टेयर है । चरण-II का कमान क्षेत्र बीकानेर,

collegebatch.com

**11.** Which of the following seaports is located on Mahanadi delta ?

(a) Haldia (b) Ennore

(c) Paradwip (d) Vishakhapatnam

**12.** Which among the following is the westernmost station of East-West corridor ?

(a) Kolkata (b) Guwahati

(c) Porbandar (d) Mumbai

**13.** Which of the following features is ***not*** true regarding NHAI ?

(a) It is an autonomous body under the Ministry of Surface Transport.

(b) It is responsible for constructing and maintaining National Highways.

(c) It also constructs village link roads.

(d) NHAI was operationalized in 1995.

**14.** Which one of the following is a major polluting industry ?

(a) Food processing industry (b) Cottage industry

(c) Chemical industry (d) Foot loose industry

*Read the case study given below and answer the questions from* ***15*** *to* ***17****.*

*Case Study : Indira Gandhi Canal (Nahar) Command Area*

Indira Gandhi Canal, previously known as the Rajasthan Canal, is one of the largest canal systems in India. Conceived by Kanwar Sain in 1948, the canal project was launched on 31 March, 1958. The canal originates at Harike barrage in Punjab and runs parallel to Pakistan border at an average distance of 40 km in Thar Desert (Marusthali) of Rajasthan. The total planned length of the system is 9,060 km catering to the irrigation needs of a total culturable command area of 19·63 lakh hectares. Out of the total command area, about 70 percent was envisaged to be irrigated by flow system and the rest by lift system. The construction work of the canal system has been carried out through two stages. The command area of Stage-I lies in Ganganagar, Hanumangarh and northern part of Bikaner

collegebatch.com

जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, नागौर और चूरू ज़िलों में 14·10 लाख हेक्टेयर कृषि-योग्य भूमि पर फैला हुआ है । इसमें स्थानांतरित बालू टिब्बों वाला मरुस्थल भी सम्मिलित है; जहाँ स्थानांतरी बालू टिब्बे पाए जाते हैं और ग्रीष्म ऋतु में तापमान 50° सेल्सियस तक पहुँच जाता है । लिफ्ट नहर में ढाल के विपरीत प्रवाह के लिए जल को बार-बार मशीनों से ऊपर उठाया जाता है । इंदिरा गाँधी नहर तंत्र में सभी लिफ्ट नहरें मुख्य नहर के बाएँ किनारे से निकलती हैं जबकि मुख्य नहर के दाएँ किनारे पर सभी नहरें प्रवाह प्रणाल हैं ।

चरण-I के कमान क्षेत्र में सिंचाई की शुरुआत 1960 के दशक के आरंभ में हुई जबकि चरण-II कमान क्षेत्र में 1980 के दशक के मध्य में सिंचाई आरंभ हुई । नहर सिंचाई के प्रसार ने इस शुष्क क्षेत्र की पारिस्थितिकी, अर्थव्यवस्था और समाज को रूपान्तरित कर दिया है । इससे इस क्षेत्र को पर्यावरणीय परिस्थितियों पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव पड़े हैं । लंबी अवधि तक मृदा नमी उपलब्ध होने और कमान क्षेत्र विकास के तहत शुरू किए गए वनीकरण और चरागाह विकास कार्यक्रमों से यहाँ भूमि हरी-भरी हो गई है । इससे वायु अपरदन और नहरी तंत्र में बालू निक्षेप की प्रक्रियाएँ भी धीमी पड़ गई हैं । परंतु सघन सिंचाई और जल के अत्यधिक प्रयोग से जल भराव और मृदा लवणता की दोहरी पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न हो गईं ।

**15.** इंदिरा गाँधी नहर को बनाने का मुख्य उद्देश्य क्या था ?

(a) कमान क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल पहुँचाना

(b) पीने के लिए पानी पहुँचाना

(c) वनरोपण के लिए पानी पहुँचाना

(d) उद्योगों के लिए पानी पहुँचाना

**16.** कमान क्षेत्र में, इस नहर का प्रमुख लाभ क्या है ?

(a) पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था को रूपान्तरित कर दिया है

(b) पर्यावरणीय परिस्थितियाँ थोड़ी बदल गईं हैं

(c) लोग स्थायी रूप से बसे नहीं हैं

(d) फ़सल उत्पादन अभी भी निम्न-स्तरीय है

**17.** इस नहर का नकारात्मक प्रभाव क्या है ?

(a) मिट्टियाँ उपजाऊ हो गईं हैं

(b) जल भराव और क्षारीयता

(c) बहु-फ़सली प्रतिरूप

(d) कमान क्षेत्र हरा-भरा बन गया है

collegebatch.com

districts. It has a gently undulating topography and its culturable command area is 5·53 lakh hectares. The command area of Stage-II is spread over Bikaner, Jaisalmer, Barmer, Jodhpur, Nagaur and Churu districts covering culturable command area of 14·10 lakh ha. It comprises desert land dotted with shifting sand dunes and temperature soaring to 50°C in summers. In the lift canal, the water is lifted up to make it to flow against the slope of the land. All the lift canals of Indira Gandhi system originate at the left bank of main canal while all the canals on the right bank of main canal are flow channels.

Irrigation in Stage-I command area of the canal was introduced in early 1960s, whereas the command area of Stage-II began receiving irrigation in mid-1980s. The introduction of canal irrigation in this dry land has transformed its ecology, economy and society. It has influenced the environmental conditions of the region both positively as well as negatively. The availability of soil moisture for a longer period of time and various afforestation and pasture development programmes under CAD have resulted in greening the land. This has also helped in reducing wind erosion and siltation of canal systems. But the intensive irrigation and excessive use of water has led to the emergence of twin environmental problems of waterlogging and soil salinity.

**15.** What was the main objective to construct of Indira Gandhi Canal ?

(a) Proving water for irrigation in the command area

(b) Providing water for drinking purpose

(c) Providing water for afforestation

(d) Providing water for industries

**16.** What is the major benefit of this Canal in the command area ?

(a) Transformation of ecology and economy

(b) Environmental conditions slightly changed

(c) People had not settled permanently

(d) Crop production is still at lower level

**17.** What is the negative impact of this Canal ?

(a) Soils become fertile

(b) Water logging and salinity

(c) Multiple cropping system


(d) Command area becomes green

collegebatch.com

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं ।*

**18.** नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *3×1=3*




(18.1) दिए गए चित्र में नौ परिवहन नहर की पहचान कीजिए और इसका नाम लिखिए । *1*

(18.2) इस जलमार्ग के अंतिम सिरे के पत्तनों के नाम लिखिए । *1*

(18.3) इस जलमार्ग की मुख्य विशेषता को स्पष्ट कीजिए । *1*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **18** के स्थान पर है ।*


'उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग' की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *3×1=3*

collegebatch.com

## SECTION B

*Questions number **18** and **19** are Source-based Questions.*

**18.** Study the picture given below and answer the questions that follow : *3×1=3*




(18.1) Identify the shipping canal in the given picture and write its name. *1*

(18.2) Name the terminal ports of this waterway. *1*

(18.3) Explain the main characteristic of this waterway. *1*

***Note :*** *The following question is for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **18**.*

Explain any three characteristics of the 'Northern Atlantic Sea Route'. *3×1=3*

collegebatch.com

**19.** नीचे दिए गए केस अध्ययन को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए : *3×1=3*

**दौराला में पारिस्थितिकी के पुनर्भरण और मानव स्वास्थ्य के सुरक्षण का एक अनुकरणीय उदाहरण : केस अध्ययन**

"प्रदूषक भोगता है" के वैश्विक नियम के आधार पर मेरठ के निकट दौराला में लोगों की प्रतिभागिता के सहारे पारिस्थितिकी के पुनर्भरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रयास किया गया है । मेरठ के एक ग़ैर-सरकारी संगठन (एन.जी.ओ.) द्वारा पारिस्थितिकी पुनर्भरण के एक मॉडल की रचना के तीन वर्ष बाद परिणाम आने आरंभ हो गए । दौराला स्थित उद्योगों के पदाधिकारियों, ग़ैर-सरकारी संगठनों, सरकारी अधिकारियों और अन्य पणधारियों की मेरठ में हुई मीटिंग में परिणाम सामने आए । लोगों के शक्तिशाली तर्कों, प्रामाणिक अध्ययनों और दबाव ने इस गाँव के 12,000 निवासियों को एक नया जीवन दान दिया है । यह सन् 2003 की बात है जब दौरालावासियों की दयनीय दशा ने एक जनहित सभा (सिविल सोसायटी) का ध्यान आकृष्ट किया । 12,000 लोगों की जनसंख्या वाले इस गाँव का भू-जल भारी धातुओं के संपर्क से संदूषित हो चुका था । इसका कारण यह था कि दौराला के उद्योगों के अनुपचारित अपशिष्ट जल का भू-जल स्तर में निक्षालन हो रहा था । एन.जी.ओ. के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य-स्तर संबंधी सर्वेक्षण किया और एक रिपोर्ट बनाई । उस संगठन, ग्रामीण समुदाय और जन-प्रतिनिधियों ने आपस में बैठकर इन समस्याओं के टिकाऊ समाधान ढूँढ़ने का प्रयास किया । उद्योगपतियों ने पारिस्थितिकी की गिरती दशा को नियंत्रित करने में गहरी रुचि दिखाई । गाँव की उपरली टंकी (overhead tank) की क्षमता बढ़ाई गई और समुदाय को पीने-योग्य जल उपलब्ध कराने के लिए 900 मीटर की अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाई गई । गाँव के गाद-युक्त तालाब को साफ़ किया गया और इसे गाद-विमुक्त करके पुन: जल से भर दिया गया । बड़ी मात्रा में गाद को हटाकर अधिक मात्रा में जल का मार्ग प्रशस्त किया गया ताकि जलभृतों में जल पुन: भरा जाए । जगह-जगह वर्षा-जल संग्रहण की संरचनाएँ बनाई गईं जिनसे मानसून के पश्चात भू-जल के संदूषण में कमी आई । एक हज़ार वृक्ष लगाए गए जिनसे पर्यावरण का संवर्धन हुआ ।

(19.1) जल प्रदूषण का क्या अर्थ है ? *1*

(19.2) पारिस्थितिकी की गिरती दशा के नियंत्रण में उद्योगपतियों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । *1*

(19.3) दौराला की समस्या के संदर्भ में एन.जी.ओ. के योगदान का विश्लेषण कीजिए । *1*

collegebatch.com

**19.** Read the case study given below and answer the questions that follow : *3×1=3*

**Case Study : A Role Model to Restore the Ecology and Safeguard Human Health in Daurala**

Based on the universal law "Polluter pays", effort to restore the ecology and safeguard the human health with people's participation has taken place in Daurala near Meerut. These efforts are now bearing fruits after a span of three years when a Meerut based NGO had developed a model for ecological restoration. The meeting of the Daurala industries officials, NGOs, Government officials and other stakeholders at Meerut has brought out results. The powerful logics, authentic studies and the pressure of people have brought a new lease of life to the twelve thousand residents of this village. It was in the year 2003 that the pitiable condition of Dauralaites drew the attention of the civil society. The groundwater of this village was contaminated with heavy metals. The reason was that the untreated wastewater of Daurala industries was leaching to the groundwater table. The NGOs conducted a door-to-door survey of the health status of the residents and came out with a report. The organisation, the village community and people's representatives sat together to find out sustainable solutions to the health problem. The industrialists showed a keen interest towards checking the deteriorating ecology. The overhead water tank's capacity in the village was enhanced and a 900 m extra pipeline was laid to supply potable water to the community. The silted pond of the village was cleaned and recharged by desilting it. Large quantity of silt was removed paving way to large quantity of water so that it recharged the aquifers, Rainwater harvesting structures have been constructed at different places which has helped in diluting the contaminants of the groundwater after the monsoon. 1000 trees have also been planted which have improved the environment.

(19.1) What is meant by water pollution ? *1*

(19.2) Explain the role of industrialists in checking the deteriorating ecology. *1*

(19.3) Analyse the contribution of the NGO in Daurala's problem. *1*

collegebatch.com

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं ।*

**20.** "सभी भौगोलिक अध्ययनों में प्रकृति और मानव अभिन्न हैं ।" इस कथन की परख कीजिए । *3*

**21.** (क) "नगर गाँवों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार से जुड़े होते हैं और वे परस्पर भी जुड़े हुए होते हैं ।" इस कथन की परख कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) भारत में गुच्छित ग्रामीण बस्तियों के विकास के किन्हीं तीन कारणों की परख कीजिए । *3*

**22.** (क) डॉ. महबूब-उल-हक द्वारा प्रतिपादित 'मानव विकास' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

(ख) मानव विकास के कल्याण उपागम की व्याख्या कीजिए । *3*

**23.** 'भारतीय राष्ट्रीय जल नीति, 2002' की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं ।*

**24.** संसार में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले भौगोलिक कारकों की परख कीजिए । *5*

**25.** भारत में जनसंख्या के घनत्व को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों को स्पष्ट कीजिए । *5*

**26.** (क) यूरोप और रूस में रेलमार्गों के विकास का वर्णन कीजिए । *3+2=5*

**अथवा**

(ख) रेलमार्गों की अपेक्षा जल परिवहन के लाभों का वर्णन कीजिए । *5*

**27.** भारत में जनसंख्या वृद्धि के महत्त्वपूर्ण पक्षों की, विशेष रूप से किशोरों की वृद्धि और राष्ट्रीय युवा नीति, 2014 के संदर्भ में व्याख्या कीजिए । *5*

**28.** (क) संसार में 'रोपण कृषि' की किन्हीं पाँच विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) संसार में 'बाज़ार के लिए सब्ज़ी खेती एवं उद्यान कृषि' की किन्हीं पाँच विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *5*

collegebatch.com

## SECTION C

*Questions number **20** to **23** are Short Answer Type Questions.*

**20.** "Nature and humans are inseparable in all geographical studies." Examine the statement. *3*

**21.** (a) "The cities are connected, directly or indirectly, with villages and also with each other." Examine the statement. *3*

**OR**

(b) Examine any three causes for the development of compact rural settlements in India. *3*

**22.** (a) Explain the concept of 'human development' introduced by Dr. Mahbub-ul-Haq. *3*

**OR**

(b) Explain the welfare approach of human development. *3*

**23.** Explain the major aspects of India's 'National Water Policy, 2002'. *3*

## SECTION D

*Question number **24** to **28** are Long Answer Type Questions.*

**24.** Examine the geographical factors that influence distribution of population in the world. *5*

**25.** Explain the various factors affecting density of population in India. *5*

**26.** (a) Describe the development of railways in Europe and Russia. *3+2=5*

**OR**

(b) Describe the benefits of water transport over railways. *5*

**27.** Explain the important aspects of population growth with special reference to the growth of adolescents and National Youth Policy, 2014 of India. *5*

**28.** (a) Explain any five features of 'plantation agriculture' in the world. *5*

**OR**

(b) Explain any five features of 'market gardening and horticulture' in the world. *5*

collegebatch.com

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** व **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

**29.** **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 21 पर) में सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F तथा G से दिखाया गया है । किन्हीं ***पाँच*** की पहचान निम्नलिखित जानकारी की सहायता से कीजिए और उनके सही नाम उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. ऑस्ट्रेलिया में एक प्रमुख वायु पत्तन

B. क्षेत्रफल की दृष्टि से यूरोप का सबसे बड़ा देश

C. दक्षिण अमेरिका का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

D. पार-कैनेडियन रेलमार्ग के सिरे का स्टेशन

E. निर्वाहन संग्रहण का एक प्रमुख क्षेत्र

F. क्षेत्रफल की दृष्टि से अफ्रीका का सबसे बड़ा देश

G. पार-साइबेरियन रेलमार्ग के सिरे का स्टेशन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं ।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) ऑस्ट्रेलिया के किसी एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.2) उस महत्त्वपूर्ण जलमार्ग का नाम लिखिए जो अटलांटिक महासागर को वृहद् झीलों से जोड़ता है ।

(29.3) चिली के प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए ।

(29.4) पार-कैनेडियन रेलमार्ग के पश्चिमी सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए ।

(29.5) अफ्रीका में निर्वाहन संग्रहण के प्रमुख क्षेत्र का उल्लेख कीजिए ।

(29.6) क्षेत्रफल की दृष्टि से अफ्रीका के सबसे बड़े देश का नाम लिखिए ।

(29.7) पार-साइबेरियन रेलमार्ग के सबसे पूर्वी सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए ।

collegebatch.com

## SECTION E

*Questions number **29** and **30** are Map based Questions.*

**29.** On the given political outline map of the **World** (on page 21), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. A major airport in Australia

B. Largest country in terms of area in Europe

C. A major seaport in South America

D. A terminal station of Trans-Canadian Railway

E. A major area of subsistence gathering

F. Largest country in terms of area in Africa

G. Terminal station of Trans-Siberian Railway

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **29**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name any international airport of Australia.

(29.2) Name the important waterway that links the Great Lakes with the Atlantic Ocean.

(29.3) Name the major seaport of Chile.

(29.4) Name the terminal station of Trans-Canadian railway on the western end.

(29.5) Mention the major area of subsistence gathering in Africa.

(29.6) Name the largest country in Africa in terms of area.

(29.7) Name the easternmost terminal station of Trans-Siberian Railway.

collegebatch.com

**30.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 23 पर) में निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(30.1) सर्वाधिक नगरीकरण वाला राज्य

(30.2) महाराष्ट्र में 10 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाला नगर

(30.3) चाय के उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.4) मयूरभंज – लौह-अयस्क की खानें

(30.5) बालाघाट – मैंगनीज़ की खानें

(30.6) कोच्चि – समुद्री पत्तन

(30.7) अहमदाबाद – वायु पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***30*** *के स्थान पर हैं ।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) सर्वाधिक नगरीकरण वाले राज्य का उल्लेख कीजिए ।

(30.2) पश्चिमी बंगाल के 10 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले नगर का नाम लिखिए ।

(30.3) चाय का अग्रणी उत्पादक राज्य कौन-सा है ?

(30.4) मयूरभंज लौह-अयस्क की खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

(30.5) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ शिमोगा मैंगनीज़ खानें स्थित हैं ।

(30.6) कोच्चि समुद्री पत्तन किस तट के साथ स्थित है ?

(30.7) गुजरात में स्थित एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम लिखिए ।

collegebatch.com

**30.** On the given political outline map of **India** (on page 23), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) A state with highest level of urbanization

(30.2) A city with more than 10 million population in Maharashtra

(30.3) A state leading in the production of tea

(30.4) Mayurbhanj – iron-ore mines

(30.5) Balaghat – manganese mines

(30.6) Kochi – seaport

(30.7) Ahmedabad – Airport

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Mention the state having highest level of urbanization.

(30.2) Name the city of West Bengal having more than 10 million population.

(30.3) Which state leads in the production of tea ?

(30.4) In which state are Mayurbhanj iron-ore mines located ?

(30.5) Name the state where Shimoga manganese mines are located.


(30.6) Along which coast is Kochi seaport located ?

(30.7) Name one international airport located in Gujarat.

collegebatch.com

**प्रश्न सं. 29 के लिए**

**For question no. 29**



प्रश्न सं. 30 के लिए

**For question no. 30**

**भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)**

**Outline Map of India (Political)**

